कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य-09/2024 **दिनांक 10/10/2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 09.10.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना भावरकोल पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद करते हुए 04 नफर अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 8/9.10.2024 को थानाध्यक्ष भांवरकोल मय हमराह व आबकारी निरीक्षक एश्वर्या गंगावार क्षेत्र 3 मुहम्मदाबाद व आबकारी निरीक्षक नीरज पाठक व क्षेत्र 2 जनपद गाजीपुर के द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम लोहारपुर गाँव के गंगा नदी जोगीवीर घाट के पास से 8PM (180ML) अंग्रेजी शराब कुल (3840 ट्रेटा पाउच) लगभग 691.200 लीटर कीमत लगभग 4,04,235 रुपये की शराब के साथ चार अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 167/24 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पताः-

1. निशांत सिंह पुत्र नीलकमल सिंह निवासी गौसाबाद थाना कोतवाली गाजीपुर उम्र 24 वर्ष।
2 .शिवजी सिंह यादव पुत्र रामकरन यादव निवासी लोहापुर थाना भांवरकोल गाजीपुर उम्र 43 वर्ष।
3 .शारदा नन्द यादव पुत्र रमाशंकर यादव निवासी पलिया खास उर्फ बड़का खेत नरही बलिया उम्र 28 वर्ष।
4. मारकण्डेय यादव पुत्र विरेन्द्र यादव निवासी पलिया खास उर्फ बड़का खेत नरही बलिया उम्र 21 वर्ष।

बरामदगीः-

1. 8PM (180ML) अंग्रेजी शराब (3840 ट्रेटा पाउच) लगभग 691.200 ली0 (किमत लगभग 4,04,235 रु0)
2 . गाडी XUV 500 रजिट्रेशन नं0 HR10Z4988
3 . चार अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन व एक अदद कीपैड मोबाइल फोन

आपराधिक इतिहास

1 .मु0अ0सं0 167/24 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक

गाजीपुर